**NEWS CLIPPING:08.06.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University signs MoU with Innovic Energy



Sanjay Kumar
info@impressivetimes.com

**FARIDABAD:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has taken a significant step towards empowering students with employable skills in the energy sector. Today, the University signed a Memorandum of Understanding (MoU) with Innovic Energy LLP, a renowned company specializing in the Manufacturing and Trading of Electrical Panels. The MoU was signed by Dr. Sunil Kumar Garg, Registrar of the University, and Mr. Kumaresh Soam, Director, Innovic Energy, in the presence of the Vice-Chancellor, Prof. Sushil Kumar Tomar. Director (R&D) Prof. Naresh Chauhan, Chairperson of Electrical Engineering Prof. Anju Gupta, Training and Placement Officer Prof. Rajesh Ahuja, and faculty members of Electrical Engineering Department were also present on this occasion. The collaboration between JC Bose University and Innovic Energy aims to provide students with practical training, seminars, competitions, and technical courses, enabling them to acquire the necessary skills and prepare for a career in the industry.

**NEWS CLIPPING:08.06.2023**

# PUNJAB KESARI

# जेसी विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच हुआ समझौता

## ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप प्रदान करेगी कंपनी

### समझौते पर विवि के कुलसचिव और इनोविक एनर्जी के निदेशक ने किए हस्ताक्षर



*कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में समझौते का आदान प्रदान करते हुए।*

फरीदाबाद, 7 जून (सूरजमल/पूजा): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रिकल पैनल के विनिर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोविक एनर्जी के साथ आज समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक (अनुसंधान एवंविकास) प्रो. नरेश चौहान, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष प्रो. अंजू गुप्ता, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. राजेश आहूजा और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच सहयोग का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, सेमिनार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन करना है, जिससे उन्हें आवश्यक कौशल हासिल करने और उद्योग में करियर के लिए तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके। साथ ही, कंपनी छात्रों को औद्योगिक इंटर्नशिप की पेशकश भी करेगी ताकि उन्हें औद्योगिक उत्पादों पर काम करने का अवसर प्रदान किया जा सके। छात्रों के कौशल विकास के लिए औद्योगिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस सहभागिता को अनुसंधान उन्मुखी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई छात्रों में अद्भुत प्रतिभा एवं क्षमता होती है, लेकिन ऐसे छात्र आकर्षक रोजगार पैकेज के लिए अनुसंधान को छोड़कर नौकरी का चयन करते है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान देश की प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। प्रो. तोमर ने ऊर्जा के उभरते क्षेत्रों में सतत विकास की अपार संभावनाओं पर भी बल दिया तथा कहा कि युवा प्रतिभाओं को सक्रिय रूप से अनुसंधान पर काम करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने विशेष रूप से नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती मांग तथा ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया।

**NEWS CLIPPING:08.06.2023**

# HINDUSTAN

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने एमओयू किया

**सुविधा**

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी से एमओयू साइन किया।

विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रिकल पैनल के विनिर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोविक एनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस सहभागिता को अनुसंधान-उन्मुखी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई छात्रों में प्रतिभा एवं क्षमता होती है, लेकिन ऐसे छात्र आकर्षक रोजगार पैकेज के लिए अनुसंधान को छोड़कर नौकरी का चयन करते है। जेसी बोस विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच सहयोग का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, सेमिनार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन करना है, जिससे उन्हें आवश्यक कौशल हासिल करने और उद्योग में करियर के लिए तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके।




जेसी बोस यूनिवर्सिटी में बुधवार को इनोविक एनर्जी के बीच समझौता हुआ। • हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING:08.06.2023**

# AAJ SAMAJ

## जेसी विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच हुआ समझौता

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रिकल पैनल के विनिर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोविक एनर्जी के साथ आज समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. नरेश चौहान, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष प्रो. अंजू गुप्ता, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. राजेश आहूजा और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम ने विशेष रूप से नए और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती मांग तथा ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और अनुकूलन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में आ रहे बदलावों से पारंपरिक विद्युत पैनल चलन से बाहर हो रहे है। इनोविक एनर्जी भी हरित ऊर्जा क्षेत्र की तरफ बढ़ रही है ताकि इस क्षेत्र में उपकरणों के विकास पर काम कर रही है। कुमारेश सोम ने कहा कि कंपनी इस क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले छात्रों को सहयोग देगी।



कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में समझौते का आदान-प्रदान करते हुए कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग तथा इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम।

**NEWS CLIPPING:08.06.2023**

# DESH ROJANA

## जेसी बोस और इनोविक एनर्जी के बीच हुआ समझौता

### ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप प्रदान करेगी कंपनी

**देश रोजाना, फरीदाबाद**

जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ऊर्जा क्षेत्र में छात्रों को रोजगार योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने इलेक्ट्रिकल पैनल के विनिर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी इनोविक एनर्जी के साथ आज समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग और इनोविक एनर्जी के निदेशक श्री कुमारेश सोम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. नरेश चौहान, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष प्रो. अंजू गुप्ता, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. राजेश आहूजा और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच सहयोग का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, सेमिनार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन करना है, जिससे उन्हें आवश्यक कौशल हासिल करने और उद्योग में करियर के लिए तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके। साथ ही, कंपनी छात्रों को औद्योगिक इंटर्नशिप की पेशकश भी करेगी ताकि उन्हें औद्योगिक उत्पादों पर काम करने का अवसर प्रदान किया जा सके। छात्रों के कौशल विकास के लिए औद्योगिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने इस सहभागिता को अनुसंधान-उन्मुखी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई छात्रों में अद्भुत प्रतिभा एवं क्षमता होती है, लेकिन ऐसे छात्र आकर्षक रोजगार पैकेज के लिए अनुसंधान को छोड़कर नौकरी का चयन करते है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान देश की प्रगति का एक महत्वपूर्ण पहलू है। प्रो. तोमर ने ऊर्जा के उभरते क्षेत्रों में सतत विकास की अपार संभावनाओं पर भी बल दिया तथा कहा कि युवा प्रतिभाओं को सक्रिय रूप से अनुसंधान पर काम करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।



कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में समझौते का आदान-प्रदान करते हुए।

**NEWS CLIPPING:08.06.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस और इलेक्ट्रिकल पैनल बनाने वाली कंपनी के बीच हुआ समझौता

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने बुधवार को इलेक्ट्रिकल पैनल बनाने वाली एक कंपनी के साथ समझौता किया। यह कंपनी छात्रों के लिए प्रशिक्षण, सेमिनार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन कराएगी । इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग इनोविक एनर्जी के निदेशक कुमारेश सोम, कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर मौजूद रहे। जेसी बोस विश्वविद्यालय और इनोविक एनर्जी के बीच सहयोग का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, सेमिनार और तकनीकी पाठ्यक्रमों का आयोजन करना है, जिससे उन्हें आवश्यक कौशल हासिल करने और उद्योग में करियर बना के लिए तैयार करने में सक्षम बनाया जा सके। वहीं, कंपनी छात्रों को औद्योगिक इंटर्नशिप भी कराएगी। संवाद